दिनांकः 19.01.2026 समय : 09:00 ए.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

- 86वां अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारी सम्मेलन आज से लखनऊ में–लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला उद्‌घाटन करेंगे।
- एसआईआर प्रक्रिया 2026 के तहत मतदाता सूची में नामों के लिए दावे और आपत्तियां लेने का आज अंतिम दिन।
- जयपुर में चल रहे पांच दिन के साहित्य महाकुंभ जे.एल.एफ. का आज समापन।
- नागौर में राज्य स्तरीय रामदेव पशु मेले की आज से शुरूआत।

.......................

86वां अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारी सम्मेलन आज से लखनऊ में आयोजित किया जा रहा है। विधानसभा परिसर में होने वाले इस सम्मेलन का उद्‌घाटन लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला करेंगे। इसमें देशभर के राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों की विधानसभा तथा विधान परिषदों के पीठासीन अधिकारी भाग लेंगे। दो दिन के इस सम्मेलन में लोकसभा अध्यक्ष, राज्यसभा के उपसभापति, विधानसभाओं के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष तथा विधान परिषदों के सभापति और उपसभापति चयनित बिंदुओं पर मंथन करेंगे। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी भी सम्मेलन में भाग लेंगे।

.......................

एसआईआर प्रक्रिया 2026 के तहत मतदाता सूची में नामों के लिए दावे और आपत्तियां लेने की आज आखिरी तारीख है। चुनाव आयोग ने राजस्थान सहित एसआईआर प्रक्रिया वाले राज्यों में दावे और आपत्तियां लेने की तारीख 15 से बढ़ाकर 19 जनवरी कर दी थी। इस तरह मतदाताओं को विवरण जांच करवाने और नाम जुड़वाने तथा आपत्तियां उठाने के लिए अतिरिक्त समय दिया गया। गौरतलब है कि एसआईआर प्रक्रिया 2026 के तहत मतदाता सूचियों को अपडेट किया जा रहा है। इसका उद्देश्य हर पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में शामिल करना और स्थानांतरण, पलायन, मृत्यु या अन्य त्रुटियों के कारण अपात्र मतदाताओं के नाम हटाना है।

.......................

राम जलसेतु लिंक परियोजना में चम्बल नदी पर करीब सवा दो किलोमीटर लम्बा एक्वाडक्ट बनाया जा रहा है। परियोजना के पहले चरण में 2 हजार 230 करोड़ रुपये की लागत से ये एक्वाडक्ट तैयार किया जा रहा है। इस पर और ब्यौरा समाचार कक्ष से हमारी सहयोगी डॉ. सालेहा गाजी से –

.......................

केन्द्र सरकार ने वीबी–जीरामजी अधिनियम के संबंध में किए जा रहे भ्रामक दावों का खंडन किया है। विपक्ष की ओर से की जा रही आलोचना को गलत बताते हुए सरकार ने कहा है कि ये कानून प्रत्येक ग्रामीण परिवार को 125 दिनों का रोजगार सुनिश्चित करता है। सरकार ने कहा कि काम के अधिकार को छीने जाने का दावा राजनीतिक रूप से प्रेरित है।

इस बीच, प्रदेश में भी मंत्रियों की ओर से प्रेसवार्ता आयोजित कर इस कानून से जुड़ी भ्रांतियों को दूर किया जा रहा है और ग्रामीण परिवारों को इससे होने वाले फायदों के बारे में बताया जा रहा है। इसी कड़ी में पंचायतीराज राज्यमंत्री ओटाराम देवासी ने कल सिरोही में प्रेसवार्ता की। उन्होंने बताया कि नया कानून ग्रामीण विकास की तस्वीर बदलेगा।

.......................

जयपुर में चल रहे पांच दिन के साहित्य के महाकुंभ जेएलएफ का आज समापन होगा। आज करीब 50 सत्र होंगे। इनमें क्लाइमेट एक्शन और एनर्जी आल्टरनेटिव्स, जेन–ज़ी, उदयपुर की रॉयल पेंटिंग्स और

कहानियों से जुड़े सत्र शामिल हैं। इससे पहले, कल हुए सत्रों में पौलेंड के उपप्रधानमंत्री और विदेश मंत्री रादोस्लाव सिकोरस्की की भी भागीदारी रही। उन्होंने भारत–पौलेंड संबंधों और रूस–यूक्रेन संकट पर अपनी बात रखी। वहीं पूर्व मुख्य न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़, पीयूष मिश्रा, गीतकार प्रसून जोशी सहित कई दिग्गज हस्तियां भी अन्य सत्रों में शामिल हुईं। फेस्टिवल के तहत कल आमेर किले के गणेश पोल पर संगीत संध्या रखी गई।

......................

बाड़मेर में आज से साहित्य उत्सव की शुरूआत हो रही है। शिक्षा विभाग और एक निजी संस्थान की ओर से आयोजित हो रहे इस महोत्सव में पुस्तक मेला, शिक्षक सेमीनार और युवा महोत्सव भी रखा गया है। हमारे संवाददाता ने बताया कि 25 जनवरी तक चलने वाले इस मेले में विविध कलाओं के बारे में भी प्रस्तुतिकरण दिया जाएगा। इसके साथ ही युवाओं के लिए कॅरियर मार्गदर्शन के सत्र भी होंगे।

......................

सवाईमाधोपुर में चल रहे अमरूद महोत्सव और कृषि तकनीक मेले में किसान बीजों और उपकरणों से जुड़ी कई तरह की जानकारियां प्राप्त कर रहे हैं। मेले में किसानों को उन्नत फसलों से उपज और आय में बढोतरी के बारे में बताया जा रहा है। सवाईमाधोपुर के किसान रूप सिंह ने इस महोत्सव और कृषि तकनीक मेले की सराहना करते हुए इसे किसानों के लिए ज्ञानवर्धक बताया।

......................

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के चुनाव के लिए आज नामांकन भरे जाएंगे। पार्टी के राष्ट्रीय चुनाव अधिकारी और सांसद के. लक्ष्मण ने जानकारी दी कि चुनाव प्रक्रिया नई दिल्ली स्थित पार्टी मुख्यालय में होगी। नामांकन दोपहर 2 बजे से 4 बजे तक भरे जाएंगे। इसके बाद नामांकन पत्रों की जांच होगी और शाम 6 बजे तक नाम वापिस लिये जाएंगे। नामांकन प्रक्रिया पूरी होने के बाद जरूरत पड़ने पर कल वोटिंग होगी। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव पार्टी की राष्ट्रीय परिषद और राज्य परिषदों के प्रतिनिधियों वाले एक इलेक्टोरल कॉलेज द्वारा किया जाता है।

......................

नागौर में आज से राज्य स्तरीय रामदेव पशु मेले की शुरूआत हो रही है। जिला कलेक्टर अरूण कुमार पुरोहित ध्वजारोहण कर मेले का शुभारंभ करेंगे। मेला प्रभारी डॉ. महेश कुमार मीणा ने बताया कि मेले में अन्य राज्यों से भी पशुपालकों की आवक लगातार जारी है। 22 जनवरी से खरीद–बिक्री की प्रक्रिया शुरू होगी। उन्होंने बताया कि गौवंश और घोड़ों के साथ ही मेले में बड़ी संख्या में ऊंट भी लाये जा रहे हैं। मेले के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम भी रखे गये हैं।

......................

राज्य के अधिकतर हिस्सों में तापमान में बढोतरी से शीतलहर से राहत मिली है। लगभग सभी स्थानों पर न्यूनतम तापमान 4 डिग्री सेल्सियस से ऊपर रिकॉर्ड किया जा रहा है। कल कुछ स्थानों पर दिनभर बादल छाये रहे। राजधानी जयपुर में भी बादलों की आवाजाही रही और हवाएं चलीं। मौसम केन्द्र जयपुर के अनुसार प्रदेश में 22 से 24 जनवरी के बीच एक नये पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने की संभावना है। इससे जोधपुर, बीकानेर संभाग और शेखावाटी क्षेत्र के कुछ भागों में हल्की से मध्यम बारिश के आसार हैं।

......................